बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की विद्यार्थियों द्वारा पोषण कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 24 अप्रैल 2026 को फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की कुल 25 विद्यार्थियों द्वारा एक पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनकी शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विशेष परिस्थितियों में उचित आहार (Therapeutic Diet) के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा निर्जलीकरण (Dehydration) में आहार, शिशुओं के लिए अनुपूरक आहार (Complementary Food for Infants), वृक्क पथरी (Renal Calculi) के रोगियों के लिए आहार, कम वसा युक्त आहार (Low Fat Diet) तथा कम प्रोटीन युक्त आहार (Low Protein Diet) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।विद्यार्थियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति एवं चार्ट पेपर की सहायता से अपनी प्रस्तुति दी तथा विभिन्न रोग स्थितियों में दिए जाने वाले आहार के प्रकार, उनके लाभ एवं दैनिक जीवन में उनके उपयोग के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया।